# एसीबी ने कॉन्स्टेबल को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

जयपुर,13 नवंबर 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर देहात की टीम ने बुधवार को सीआईडी एसएसबी जोन कार्यालय भरतपुर में कार्यरत कांस्टेबल संजय सिंह को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी मुख्यालय में परिवाद दर्ज करवाया कि किसी के द्वारा उसकी हिंडौन स्थित बीएड कॉलेज में अनियमितताओं एवं विभिन्न प्रकार के घोटालों की झूठी शिकायत सीआईडी एसएसबी जोन कार्यालय भरतपुर में की गई है, जिसकी जांच चल रही है। उक्त फर्जी शिकायत का हवाला देकर सीआईडी एसएसबी जोन कार्यालय भरतपुर में कार्यरत कांस्टेबल संजय सिंह डरा-धमका कर एक करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। संजय सिंह से मामला 45 लाख रुपए में तय हुआ है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर देहात श्री नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में एसीबी टीम ने उक्त शिकायत का सत्यापन करवा कर आज ट्रैप कार्यवाही करते हुए कॉन्स्टेबल संजय सिंह को प्रथम किस्त के रूप में 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है।

उल्लेखनीय है कि कॉन्स्टेबल संजय सिंह परिवादी को तीन साल पहले सीआईडी एसएसबी जोन कार्यालय भरतपुर में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक शिव सिंह का हवाला देकर धमका रहा था कि शिव सिंह जो हाल जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय करौली में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हैं, ने परिवादी की बीएड कॉलेज की अनियमितताओं एवं घोटालों की शिकायत के बारे में बता कर परिवादी से 3 वर्ष पूर्व 25 लाख रुपए रिश्वत के लिए थे। अब शिव सिंह ने ही इस बारे में मुझे बीएड कॉलेज की अनियमितताओं के बारे में बताया है।मामले को रफा-दफा करने के लिए कांस्टेबल संजय सिंह परिवादी से रिश्वत मांग रहा था।